दिनांकः 07.11.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्र सरकार आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए जल्दी ही आतंकरोधी नीति लाएगी।
- खान और पैट्रोलियम विभाग के राइजिंग राजस्थान प्री समिट में कल 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश के एमओयू होंगे–जयपुर सहित तीन जिलों की इन्वेस्टर्स मीट भी कल।
- कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी के बाद इसका निर्माण कार्य अगले साल से शुरू होगा।
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पराली जलाने पर लगाए जाने वाले जुर्माने को दोगुना किया।

000

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सरकार जल्दी ही आतंकरोधी नीति और रणनीति लेकर आएगी। आज नई दिल्ली में आतंकरोधी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद पिछले दस वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ कडा रवैया अपनाया गया है। दो दिन के इस सम्मेलन को राष्ट्रीय अभिकरण अन्वेषण–एनआईए ने आयोजित किया है। श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए देश में मजबूत व्यवस्था तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि 2006 से 2013 की अवधि की तुलना में 2014 से 2021 की अवधि में आतंकी घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है।

000

गृहमंत्री ने आजादी के बाद देश की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने और सीमा सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले 36 हजार 468 पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

000

प्रदेश में खान और पैट्रोलियम विभाग के राइजिंग राजस्थान प्री समिट में कल 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश के एमओयू प्रस्तावों पर हस्ताक्षर होंगे। प्री समिट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि प्री समिट से पहले रोड़ शो और अन्य आयोजनों में खान और पेट्रोलियम सेक्टर में निवेश के 77 हजार 721 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। कल होने वाले प्री समिट में माइनिंग सेक्टर के 41 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश और पेट्रोलियम सेक्टर के 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर राज्य सरकार और निवेशकों के बीच एमओयू होंगे।

000

जयपुर जिले के साथ जयपुर ग्रामीण और दूदू की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट कल राजधानी में आयोजित होगी। जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले कार्यक्रम में 45 हजार करोड़ रुपये के 205 निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर होंगे। इससे 2 लाख 6 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा। केकड़ी में भी कल जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट होगी। इसमें तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी तथा केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी शिरकत करेंगे।

इस बीच, श्रीगंगानगर में आज इन्वेस्टर मीट आयोजित किया गया। इसमें 3 हजार 51 करोड़ रुपये के 227 एमओयू हुए हैं। जिला कलेक्टर डॉ मंजू ने बताया कि इस निवेश से 5 हजार 600 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और 8 हजार 293 लोगों के अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल सकेगा। इन्वेस्टर मीट की विशेष बात यह रही कि इस बार जिले के पड़ोसी राज्यों और प्रदेश स्तरीय उद्यमियों के अलावा पहली बार विदेश से भी निवेश मिला है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मज़बूत माहौल तैयार करने की जरूरत है। इसके तहत युवाओं में नए विचारों और सफलता के लिए ज़रूरी संसाधनों की समझ विकसित करनी होगी। श्री बागडे ने आज जयपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि देश को 2047 तक विकसित भारत का प्रधानमंत्री का विजन साकार करने के लिए मानव शक्ति का सुनियोजित उपयोग करना होगा। इसके लिए युवाओं द्वारा नए–नए स्टार्टअप और उद्यमिता विकास के कार्य पर भी जोर देना होगा। राज्यपाल ने कहा कि स्टार्टअप्स की आज के आर्थिक परिदृश्य में महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज संसदीय क्षेत्र कोटा–बून्दी के प्रवास पर रहे। श्री बिरला ने केशवरायपाटन में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की आधार शिला रखी और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कामों का लोकार्पण भी किया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली–मुंबई कॉरिडोर शुरू होने के बाद आमूल चूल परिवर्तन देखने को मिलेगा। रेल और सड़क कनेक्टिविटी होने से यह समृद्धि के पथ साबित होंगे। क्षेत्र में एथेनॉल के प्लांट से यहां के किसान भी समृद्ध हो सकेंगे।

000

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में हो रहे राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलन में आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा नई गति, नई दिशा और नवाचारों के साथ देश की सर्वश्रेष्ठ विधान सभा बनने की ओर अग्रसर है। श्री देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा के द्वार आमजन के लिये खोल दिये गये हैं। विधान सभा में राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का आमजन, विद्यार्थी और शोधार्थी अवलोकन कर रहे हैं। श्री देवनानी ने आज पाकिस्तान के सिंध प्रांत की विधानसभा के अध्यक्ष ओवैस कादिर शाह से मुलाकात की।

000

कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद अब इसका निर्माण कार्य अगले साल से शुरू कर दिया जाएगा। ये निर्माण कार्य दिसम्बर 2027 तक पूरा करने की समय सीमा तय की गई है। इसके पहले चरण में 3 हजार 200 मीटर लम्बा और 45 मीटर चौड़ा रनवे बनाने के साथ–साथ विमानों के लिए पार्किंग क्षेत्र, टर्मिनल बिल्डिंग, चेक इन काउंटर्स और कन्वेयर बेल्ट्स बनाए जाएंगे। यह हवाई अड्डा हर साल 20 लाख यात्रियों और प्रति घंटे 1 हजार यात्रियों की क्षमता वाला होगा। वर्तमान में घरेलू उड़ानों में उपयोग में आ रहे सबसे बड़े हवाई जहाज भी यहां से उड़ान भर सकेंगे। भविष्य में अंतरराष्ट्रीय उड़ाने भी यहां से संचालित हो सकेंगी। ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट परिसर में पायलट प्रशिक्षण के लिए फ्लाइंग क्लब और फ्लाइंग स्कूल का भी विकास किया जाएगा। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों के बाद रक्षा मंत्रालय ने पिछले साल जुलाई में कोटा हवाई अड्डे के लिए एनओसी जारी की थी। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और राजस्थान सरकार के बीच इस साल जुलाई में इस बारे में एमओयू हुआ था।

000

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पराली जलाने पर लगाए जाने वाले जुर्माने को दोगुना कर दिया है। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में पराली जलाने से संबंधित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के नए संशोधित नियम अधिसूचित किए हैं। नए नियमों के तहत दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों को अब पांच हजार रुपये जुर्माना देना होगा जो पहले ढाई हजार रुपये था। दो से पांच एकड़ जमीन वाले किसानों को दस हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति देना होगा। जिन किसानों के पास पांच एकड़ से अधिक जमीन है, उन्हें पराली जलाने पर तीस हजार रुपये जुर्माना देना होगा।

000

उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया है कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया के दौरान निर्धारित नियमों में किसी तरह का फेर–बदल नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच–न्यायाधीशों की पीठ ने आज अपने फैसले में कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले निर्धारित किये गये भर्ती नियमों में बाद में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। उन्होंने आदेश में कहा कि चयन नियम मनमाने नहीं होने चाहिए और संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होने चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सर्वसम्मति से कहा कि सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया में पारदर्शिता और भेदभाव रहित नीति अपनाई जानी चाहिए ताकि उम्मीदवारों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

000

रेलवे त्योहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए कल से 164 विशेष रेल गाड़ियां चलाएगा। अगले तीन दिनों तक करीब 476 रेलगाड़ी चलाने की योजना है। उत्तर रेलवे दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और जम्मू–कश्मीर के विभिन्न स्टेशनों से देश के विभिन्न भागों के लिए करीब 20 गाड़ियां चलाएगी। इनमें वाराणसी, प्रयाग, छपरा, गोरखपुर, दरभंगा, बरौनी और होड़ा शामिल हैं। उत्तरी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि रेलवे स्टेशनों से यात्रियों को सुविधाजनक तरीके से बाहर निकालने के लिए रेलवे सुरक्षाबल के जवानों और स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है।

उत्तर–पश्चिम रेलवे की ओरसे भी त्यौहारों को देखते हुए कई विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए भी व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जयपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीणा ने बताया कि रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं।

000

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत वर्ष 2014 में सात नवंबर को हुई थी। कैंसर जागरूकता दिवस का उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। प्रदेश में इस सिलसिले में जागरुकता कार्यक्रम हुए। जयपुर में मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम के कार्यालय की ओर से स्वास्थ्य नारी चेतना अभियान आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं की स्क्रीनिंग भी की गई। कोटपूतली–बहरोड़ जिले में भी ऐसा ही कार्यक्रम हुआ।, जिसमें 30 से अधिक महिलाओं की जांच की गई।

000